C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:13 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 7 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 18 जून 2025

पिता की अंतिम यात्रा में फूट-...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### भूस्खलनः चपेट में आए पांच मजदूर, खाई में गिरने से दो की मौत, तीन घायल

**रुद्रप्रयाग।** गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर पांच मजदूरों के खाई में गिरने की खबर सामने आई है। हादसे में दो की जान चली गई है। गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के पास बड़ा हादसा हो गया। पहाड़ी से अचानक भारी मलबा गिरने के चलते पांच मजदूर इसकी चपेट में आकर गहरी खाई में जा गिरे। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतक जम्मू निवासी थे जोकि डंडी-कंडी संचालन का काम करते थे। जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पहाड़ी पर भूस्खलन की वजह से यह घटना हुई। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया।घायलों को खाई से निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। बीते कुछ दिनों से उत्तराखंड के अधिकांश हिस्सों में प्री-मानसून की बारिश जारी है। मौसम विभाग ने पहले ही 19 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज गर्जना और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई थी। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया था। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### मटेली में दिखा दुर्लभ रत्नमुखी कस्तूरी

**अल्मोड़ा।** हवालबाग ब्लॉक के मटेला गांव में इन दिनों प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के बीच एक खास उत्सुकता का माहौल है। गांव में दुर्लभ दिखाई देने वाला जीव मुखौटामुखी ताड़ कस्तूरी बिलाव देखा गया है, जो आमतौर पर हिमालयी क्षेत्र के जंगलों में कम पाया जाता है। ल्मोड़ा जिला मुख्यालय से सटे हवालबाग ब्लॉक के मटेला गांव में इन दिनों प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के बीच एक खास उत्सुकता का माहौल है। गांव में दुर्लभ और बेहद कम दिखाई देने वाला जीव मुखौटामुखी ताड़ कस्तूरी बिलाव ( रत्नमुखी कस्तूरी बिलाव) देखा गया है।

## बदला मौसम का मिजाज, आज पहाड़ों पर भारी बारिश का अलर्ट

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

प्रदेश में इस साल गर्मी से मई-जून में हुई बारिश ने बड़ी राहत दिलाई, लेकिन जब भी मौसम खुला तो गर्मी ने भी खूब तेवर दिखाए। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही रहा। बादलों के बीच निकली धूप से बढ़ी तपिश ने दोपहर तक परेशान किया। हालांकि तेज दौर की बारिश हुई तो मिनटों में मौसम का मिजाज बदल गया।





आंकड़ों पर नजर डाले तो दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री बढ़ोतरी के साथ 34.7 डिग्री रहा। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री इजाफे के साथ 24.5 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी रहा। हालांकि पर्वतीय जिलों में बारिश के चलते दिन के तापमान में ज्यादा गिरावट रही। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया, तेज दौर की बारिश से गर्मी से राहत मिलेगी। उत्तराखंड में मानसून आने की बात करें तो 19-20 जून तक उत्तरप्रदेश में मानसून के पहुंचने की संभावना है। इसके बाद ही उत्तराखंड में मानसून आएगा। इससे पहले पूरे प्रदेश भर में तेज दौर की बारिश गर्मी से राहत दिलाएगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आज बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में भी तेज गर्जन और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 23 जून तक प्रदेशभर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा रही रहेगा।

**पीएम मोदी ने की ट्रंप से बात**

## भारत ने न कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न कभी करेगा

**नई दिल्ली**

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। उन्होंने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ संघर्ष समाप्त करने में किसी मध्यस्थता या व्यापार समझौते की कोई भूमिका नहीं थी। कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद पीएम मोदी ने ट्रंप से बात की। ट्रंप ने पीएम मोदी से पूछा कि क्या वह कनाडा से लौटने पर अमेरिका आ सकते हैं? प्रधानमंत्री ने पूर्व कार्यक्रमों का हवाला देते हुए ऐसा करने में असमर्थता जताई।





कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मलेन को बीच में ही छोड़कर अमेरिका लौटे डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बात की है। दोनों के बीव करीब 35 मिनट तक बातचीत हुई है। इस दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और %ऑपरेशन सिंदूर% पर बात हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने साफ किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पड़ोसी मुल्क के आह्वान के बाद दोनों देशों की आपसी सहमति से ही हुआ। इसमें किसी की भी मध्यस्थता नहीं थी और न ही किसी ट्रेड डील पर बात हुई थी। बातचीत ऐसे वक्त हुई है, जब पीएम मोदी आज जी7 में हिस्सा लेने के बाद कनाडा से क्रोएशिया रवाना हुए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात तय थी। राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण यह मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद राष्ट्पति ट्रंप के अनुरोध पर आज दोनों नेताओं ने फोन पर बात की। उन्होंने करीब 35 मिनट तक बात की। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर संवेदना जताई थी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन भी जताया था। उसके बाद यह पहली बार था, जब वे बात कर रहे थे। इसलिए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर राष्ट्पति ट्रंप से विस्तार से बात की।

विक्रम मिस्री ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से साफ-साफ कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कभी भी और किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका ट्रेड डील या भारत-पाकिस्तान मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी।

## पुलिया से टकराकर पलटी कार, आग लगने से मासूम समेत पांच लोग जिंदा जले

**बुलंदशहर**

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक कार के पुल से टकराने और फिर पलटने के बाद आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई, एक घायल हो गया। वे बदायूं में एक शादी में शामिल होने के बाद दिल्ली लौट रहे थे।

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई और फिर आग लग गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मौकेपर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जहांगीराबाद थाना इलाके में जहांगीराबाद-बुलंदशहर मार्ग पर गांव चांदौक चौराहे के पास बदायूं की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित एक पुलिया से टकरा गई। कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार एक मासूम समेत कुल पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, हादसे में एक युवती की हालत गंभीर है। जिसका उपचार चल रहा है।

ये सभी बदायूं में शादी समारोह से दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताई जा रही है। बदायूं जिले के थाना



सहसवान के गांव चमनपुरा निवासी तनवीर अहमद दिल्ली में रहते हैं।

देर रात उनकी पुत्रियां गुलनाज, मोमिना, पुत्र तनवीज अहमद, एक अन्य किशोरी निदा उर्फ जेवा और जुबेर अली निवासी खैरपुर बल्ली थाना सहसवान के साथ उनका दो वर्षीय पुत्र जैनुल बुधवार सुबह कार से दिल्ली जाने के लिए निकले थे।

जहांगीराबाद थाना इलाके में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें मोमिना, तनवीज, निदा, जुबेर अली और दो वर्षीय जैनुल की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से झुलसी गुलनाज का उपचार चल रहा है।

## आम ला रही मैक्स पलटी, चार की मौके पर मौत, एक की हालत गंभीर

**आगरा**

एजेंसी

आगरा के थाना ट्रांसयमुना क्षेत्र के शाहदरा फ्लाईओवर के बराबर में फिरोजाबाद की ओर से आम लेकर आ रही मैक्स गाड़ी पलट गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं गाड़ी के क्लीनर की हालत गंभीर बनी हुई है।

आगरा के थाना ट्रांस क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। अचानक मैक्स गाड़ी अनियंत्रित हो गई। चालक उसे संभाल नहीं पाया। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट

**घटना**

- सुबह-सुबह टहलने के लिए निकले तीन लोग दबे

गई। इस दौरान हाईवे किनारे सुबह-सुबह टहलने के लिए निकले तीन लोग दब गए। वहीं चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर घायलों को उपचार के लिए जब तक अस्पताल भेजा जाता, तब तक चार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मैक्स गाड़ी का परिचालक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## दिल्ली में कोरोना से एक और हुई मौत, अब तक 13 की गई जान

**नई दिल्ली**

एजेंसी

देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना का कहर जारी है। बुधवार को कोरोना की वजह से एक और मरीज की मौत हो गई है। 65 वर्षीय बुजुर्ग अन्य बीमारियों की भी चपेट में थे।

कोरोना से दिल्ली में एक और मौत की खबर सामने आई है। 65 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। बुजुर्ग मुंह के कैंसर और किडनी संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। दिल्ली में कोरोना के 620 सक्रिय मरीज और 13 लोगों मौत हो चुकी है। बीती 15 जून को कोरोना की वजह से पहली बार एक दिन में तीन लोगों की मौत हुई। कोरोना से दिल्ली में तब तक 11 लोगों की मौत हो



चुकी थी। जिन तीन लोगों की मौत हुई है उनमें दो महिला और एक पुरुष शामिल है। 57 वर्षीय महिला को मधुमेह, फेफड़े की समस्या थी। 57 वर्षीय पुरुष को मधुमेह, फेफड़े की समस्या थी। वहीं, 83 वर्षीय महिला को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, फेफड़े की समस्या थी।

हालांकि, कोरोना के सक्रिय मरीजों में तीन दिन से गिरावट देखी गई है। बीते शनिवार को सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 672 रह गई। कोई नया मामला भी दर्ज नहीं किया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के कोविड डैशबोर्ड के अनुसार, 24 घंटे में 212 मरीजों ने कोरोना को मात दी। दिल्ली में एक जनवरी से अब तक 1960 कोरोना के मरीज सामने आए हैं जिनमें से 11 मरीजों की मौत हो गई। देश में दिल्ली कोरोना के कुल मामलों में दूसरे नंबर पर है। नए वैरिएंट्स आमतौर पर तेजी से फैलते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे पहले जितने घातक हों। बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे और पहले से बीमार व्यक्ति सबसे ज्यादा जोखिम में रहते हैं। हल्के लक्षणों से शुरू होकर गंभीर सांस की दिक्कत तक मामला जा सकता है।

# पालिका बोर्ड की पहली बजट बैठक, आय व्यय के प्रस्ताव पास

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगरपालिका परिषद नैनीताल के सभागार में बोर्ड की पहली बजट बैठक पालिका सभागार में संपन्न हुई जिसमें आय व्यय के प्रस्ताव बोर्ड में प्रस्तुत किया गया जो कि सर्वसम्मति से पास किया गया।

बैठक का शुभारंभ करते हुए नगरपालिका ईओ रोहिताश शर्मा ने सभी का स्वागत किया और कहा कि यह पालिका बोर्ड की पहली बैठक है जो कि काफी महत्वपूर्ण है। इसके बाद पालिका बोर्ड के समक्ष वर्ष 2024 25 की आय व्यय का व्योरा रखा गया साथ ही आगामी वर्ष 2025 26 के लिए प्रस्तावित बजट भी बोर्ड के समक्ष रखा गया जिसे बोर्ड ने सर्वसम्मति से पास किया। इसके बाद कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

पालिका में प्रस्तुत व्यय का ब्योरे में 44 करोड़ 50 लाख 76 हजार 309 रूपए का व्यय हुआ है आगामी वर्ष 2025 26 के लिए प्रस्तावित मूल बजट 48 करोड़ तीन लाख 6 हजार 749 रूपए रखा गया है जिसे पालिका में सर्वसम्मति से पास किया गया।

बजट प्रस्तुत करने के बाद कई अन्य मुद्दों और समस्याओं पर भी बैठक में चर्चा की गई। जिसमें शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में सभासदों ने कहा कि कूड़ा उठाने का समय निर्धारित कर सुबह सात बजे किया जाए क्योंकि कूडा काफी देर से उठाया जा रहा है और माल रोड जैसी जगह पर भी समय से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है जिससे गंदगी के सांथ ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और शहर गंदा नजर आ रहा है। सांथ ही शहर में विभिन्न स्थानों में पडे मलवे के कटटों के निस्तारण के लिए योजना बनाने की बात पर भी चर्चा की गई।

बैठक में पूर्व में पालिका से गायब हुई लाखों की रैलिंगों पर जांच समीति गठित की गई थी लेकिन अभी तक इस जांच पर कोई फैसला नहीं हो पाने पर भी सभासदों ने नाराजगी जताई तथा इसकी जांच की निष्पक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने की मांग करी।

सभासद अंकित चंद्रा ने कहा कि उनके वार्ड शेर का डांडा में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है तथा कूड़ा भी नहीं उठाया जा रहा है। कहा कि केवल माल रोड, बाजार आदि निचले वार्डो में ही सफाई करने से काम नहीं चलेगा बल्कि शहर के उपरी वार्डों में भी पर्याप्त सफाई होनी चाहिए ताकि पूरा शहर साफ रहे।

इसके सांथ ही सभासद मंटो जोशी ने कहा कि शहर में कूड़ा और सिल्ट आदि की समस्या भी एक अहम विषय है जिसमें चूहे भी एक प्रमुख कारण हैं। चूहों द्वारा अधिकांश नालियों में सिल्ट और मलवा भरा जा रहा है। और चूहे पूरे शहर में काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं जो कि काफी चिंता का विषय है तथा इसके निस्तारण के लिए भी उचित कदम उठाने की आवश्यकता है।

सभासद मनोज साह जगाती ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व शहर में विभिन्न वाडों में वाटर कूलर लगाए गए थे जिनकी स्थिति वर्तमान में काफी खराब है। काफी समय से इनकी सफाई भी नहीं कराई गई है तथा कई वाटर कूलर खराब पड़े हैं। कहा कि यह वाटर कूलर ठीक कराए जाने चाहिए तथा इनकी सफाई भी कराई जाए।

बैठक में पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, ईओ द्वितीय विनोद जीना, सभासद मुकेश जोशी, रमेश प्रसाद, अंकित चंद्रा, काजल आर्या, शीतल कटियार, जितेन्द्र कुमार पांडे, भगवत सिंह रावत, गजाला कमाल, मनोज साह जगाती, पूरन सिंह बिष्ट, सपना बिष्ट, सुरेन्द्र कुमार, ललिता दफौटी, गीता उप्रेती सहित शिवराज नेगी, हरीश मेलकानी, सुनील खोलिया, अमन महाजन सहित पालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## योग, ध्यान और भारतीय ज्ञान परंपरा एक नया जीवन दर्शन: रश्मि रावल पंत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे के अंतर्गत महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई द्वारा शहर के हीरानगर स्थित निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम योगाचार्य श्रीमती ज्योति चुफाल के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें नशा पीड़ितों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास, वेदज्ञान और नैतिक दिशा प्रदान की गई।

योगाचार्य ज्योति चुफाल ने प्रतिभागियों को सरल योगासन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से जीवन को संतुलित व नियंत्रित करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा, 卐नशा केवल शरीर को ही नहीं, आत्मा को भी दूषित करता है। योग न केवल तन की शुद्धि करता है, बल्कि मन और आत्मा को भी सशक्त बनाता है। योग नशा मुक्ति की दिशा में एक प्रभावशाली साधन है जो व्यक्ति को आत्मसंयम और आत्मविश्वास प्रदान करता है।卐 उन्होंने नशा मुक्ति को भारतीय शास्त्रों और वेदों की दृष्टि से समझाते हुए कहा, वेदों में मनुष्य के कल्याण के लिए संयम और पवित्र जीवन पर विशेष बल दिया गया है। ऋग्वेद में कहा गया है 'मनस्तत्ते अनु विधेम यदुता मनस्तत्ते अनु राधामसि।' अर्थात हम तुम्हारे उस मन का अनुकरण करें जो सत्य और धर्म के मार्ग पर चलता है। नशा इस चित्तवृत्ति को भ्रष्ट कर देता है। अथर्ववेद में स्पष्ट रूप से मानसिक संयम का आह्वान करते हुए कहा गया है। 'शं नो देवीरभिष्ठय आपो भवन्तु पीतये।' अर्थात जल जैसा शुद्ध और शांत बनाने वाला आचरण ही जीवन को उन्नत करता है, न कि नशा जैसे तमोगुणी व्यवहार। उन्होंने कहा कि मनुस्मृति में भी निर्देशित है कि 'न मद्यं न मांसं न स्तेनं नानृतं न परद्रोहम।
नैव पानं न शापं च ब्राह्मण: सेवते बुध:॥' अर्थात ज्ञानी और विवेकी व्यक्ति कभी भी मद्य, चोरी, झूठ और पापकर्म में लिप्त नहीं होता।

नमामि गंगे इकाई के नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने इस पहल की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा नदियों की स्वच्छता केवल बाह्य सफाई से संभव नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि भी आवश्यक है। जब व्यक्ति स्वयं को भीतर से स्वच्छ करता है, तभी समाज और पर्यावरण की वास्तविक सफाई संभव हो पाती है। योग और वैदिक परंपरा इस दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं। निर्वाण नशा मुक्ति केंद्र की संचालिका रश्मि रावल पंत ने कहा शास्त्रों में आत्मशुद्धि और संयम को ही मोक्ष का आधार बताया गया है। इसलिए आज के समय में नशा केवल सामाजिक ही नहीं, आत्मिक अवनति का कारण भी है। वैदिक मार्ग ही इससे मुक्ति का सच्चा उपाय है। अपने व्यावहारिक जीवन में हम देखते हैं कि नशा न केवल शरीर को विकृत करता है, बल्कि मन और आत्मा को भी दूषित करता है। इस प्रकार के प्रयास हमारे केंद्र में उपचार के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक उन्नयन का वातावरण बनाते हैं। योग, ध्यान और भारतीय ज्ञान परंपरा केवल एक चिकित्सा नहीं, बल्कि एक नया जीवन दर्शन है, जो नशे के अंधकार से आत्मप्रकाश की ओर ले जाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई साथ ही नियमित योग अभ्यास हेतु प्रेरित किया गया तथा नमामि गंगे अभियान के उद्देश्यों व गंगा की निर्मलता हेतु आत्मशुद्धि के महत्व को भी बताया गया। इस अवसर पर गिरीश रेखाडी , नीरज जोशी, आनंद सिंह, दिनेश आगरी, ललित कोश्यारी, यशोधर नाथ आदि उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप

**नैनीताल ।** जिले के धारी में मंगलवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बता दें कि मंगलवार को ग्रामीण राहगीरों ने दोपहर में करीब 12.30 बजे धारी में सड़क से 5 मीटर नीचे मझेला वन पंचायत जंगल में एक व्यक्ति बेसुद पड़े होने सूचना मुक्तेश्वर पुलिस को दी। ग्रामीणों कि मदद से शव को सड़क तक लाया गया । मौके पर पहुंचकर पुलिस द्वारा शव को सीएचसी पदमपुरी ले जाया गया। वहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद हल्द्वानी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मामले में एसआई विजय कुमार ने बताया मृत व्यक्ति की शिनाक्त नहीं हो पाई है। व्यक्ति का हुलिया गठिला बदन तथा रंग सांवला व नीले रंग की जीन्स व प्लेन शर्ट व हल्का गुलाबी रंग व गले में नारंगी रंग गमछा तथा पैर में काला जूता पहने है। मंगलवार को धारी क्षेत्र में शव मिलने से भय का माहौल बना है । इस दौरान एस आई विजय कुमार, कास्टेबल जयवीर सिंह व जीवन चंद्र आदि लोग मौजूद थे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म मामले में मुकदमा

**हल्द्वानी।** गांव की नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक के खिलाफ बनभूलपुरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। जब आरोपी को खुद के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने की बात पता चली तो वह खुद थाने पहुंच गया। थाने पहुंचे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि आरोपी आर्मी का जवान है और पहले से विवाहित है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिथौरागढ़ जिले का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार आरोपी के ही गांव की 17 साल की लड़की मुखानी थानाक्षेत्र में अपनी बुआ के घर रहती है। आरोप है कि युवक ने नाबालिग को प्यार के जाल में फंसाया, और अपनी पत्नी को तलाक देकर उससे शादी करने का झांसा देकर उसे बनभूलपुरा स्थित होटल में बुलाया, जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी को इसकी जानकारी मिली तो वह खुद ही थाने पहुंच गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## भारतीय जनता पार्टी को केन्द्र में 11 साल पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के सुदूर क्षेत्र बगड़ में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र में सरकार के 11 साल पूरे करने पर मंगलवार को संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैनीताल ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष तारा सिंह बिष्ट ने की जिसमें मैन वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेश खुल्बे रहे और दूसरे वक्ता जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द सिंह पडियार रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा पीएम मोदी सरकार के 11 साल में समाज कल्याण, महिला उत्थान व गरीब कल्याण, सेवा व सुशासन, आर्थिक व सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को विस्तार से बताया और कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों जनता को बताएं ताकि जनता को इन कल्याणकारी योजनाएं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालनए मंडल कार्यक्रम संयोजक लाल सिंह बिष्ट (पूर्व मंडल उपाध्यक्ष नैनीताल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हेम बहुखंडी मंडल उपाध्यक्ष, महामंत्री हिमांशु महरा, शक्ति केन्द्र संयोजक यशपाल सिंह, बूथ अध्यक्ष भोला सिंह, बसन्त त्रिपाठी, विपिन जोशी, विजय कुमार, प्रेमा देवी, दीपा व पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश मेहरा, गिरीश त्रिपाठी, राम सिंह, हरीश, टीका सिंह, नीरज गंगोला, शोबन गंगोला, गौरव, हरीश, विपिन, चन्दन, चेतन, पंकज, राहुल, आदि की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के बाद श्रीं महेश खुल्बे जी व पडियार द्वारा पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर बन्दे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।

## फाजलपुर महरौला तराई विहार में अवैध निर्माणाधीन मकानों पर चली जेसीबी



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बुधवार को एसडीएम किच्छा के नेतृत्व में प्रशासन भारी संख्या में पुलिस टीम फाजलपुर महरौला तराई विहार में पहुंचा और अवैध निर्माणाधीन मकानों को जेसीबी मशीन से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान लोगों में हड़कंप मच गया। कई लोग फोर्स को देख घरों में ताला लगा कर रफूचक्कर हो गए। एसडीएम ने बताया कि जिला प्राधिकरण के बिना नक्शा पास कराए मकानों का निर्माण हो रहा है, ऐसे मकानों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान तहसीलदार के अलावा नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन की कार्रवाई जारी थी। मौके पर यह रहे पुलिस अधिकारी कोतवाली रुद्रपुर के कोतवाल मनोज रतूड़ी, प्रभारी निरीक्षक गदरपुर जसवीर सिंह,एसएसआई ललित मोहन रावल, थानाध्यक्ष दिनेशपुर नंदन सिंह, थानाध्यक्ष पुलभट्टा प्रदीप मिश्रा, चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली, चौकी प्रभारी बाजार जितेंद्र खत्री, चौकी प्रभारी लालपुर सुरेंद्र सिंह,एसआई देवेन्द्र मेहता समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# अभिमत

## गुर्दा रोग का कहर

*गुर्दा रोग कहर से कम नहीं है। गुर्दा रोगी इलाज कराने में लाखों रुपये के कर्जदार बन जाते हैं और उसके बाद भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। मृत्यु होने तक इलाज कराना पड़ता है। सरकारी योजनाओं के पैसे खर्च होने के बाद इलाज के लिए जमीन गिरवीं रखने और बेचने की नौबत आ जाती है। दवा, जांच, डायलिसिस, आवागमन आदि पर हर साल करीब पांच लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। गुर्दा प्रत्यारोपण में पांच से छह लाख खर्च हो जाते हैं, उसके बाद भी जीवनभर इलाज कराना पड़ता है।*

निरोगी काया सबसे बड़ा वरदान है। आधुनिक जीवन शैली, खान-पान में लापरवाही से रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। कैंसर का नाम सुनते ही डर लगता है। कैंसर के लिए तम्बाकू का सेवन मुख्य कारण है। कैंसर का इलाज महंगा होने के साथ जीवन बचने की संभावना बहुत कम होती है। एक अध्ययन के अनुसार गुर्दा रोग कहर से कम नहीं है। गुर्दा रोगी इलाज कराने में लाखों रुपये के कर्जदार बन जाते हैं और उसके बाद भी पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पाते हैं। मृत्यु होने तक इलाज कराना पड़ता है। सरकारी योजनाओं के पैसे खर्च होने के बाद इलाज के लिए जमीन गिरवीं रखने और बेचने की नौबत आ जाती है। दवा, जांच, डायलिसिस, आवागमन आदि पर हर साल करीब पांच लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। गुर्दा प्रत्यारोपण में पांच से छह लाख खर्च हो जाते हैं, उसके बाद भी जीवनभर इलाज कराना पड़ता है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं से भी गुर्दा रोगियों का खर्च पूरा नहीं हो पाता है। बड़े चिकित्सा संस्थानों में प्रतिदिन तीन सौ से अधिक गुर्दा रोगी पहुंचते हैं, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि किडनी का रोग किस हद तक फैल रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप से मरने वालों में अधिकतर गुर्दा व हृदय रोग से ग्रसित थे। कोई भी रोग किसी भी उम्र में हो सकता है। रोग के कारण अनेक होते हैं। गुर्दा रोग से बच्चों का ग्रसित होना चिंता का विषय है। चिकित्सा क्षेत्र में नये-नये अनुसंधान, इलाज की नई तकनीक और दवाओं पर निरंतर शोध से उपचार की उम्मीद बढ़ी है। किसी भी रोग के लिए दवा से अधिक परहेज जरूरी होता है। गुर्दा रोग के लक्षण पता लगने के बाद सबसे पहले रोगी को संभावित कारण के विषय में जानकारी लेकर स्वयं सतर्कता बरतनी चाहिए। गुर्दा रोगी को जल का सेवन अधिक करने की सलाह दी जाती है। जल ही जीवन है को हर व्यक्ति को आत्मसात करके निरोगी होने पर भी चिकित्सक की परामर्श के अनुसार प्रतिदिन पानी पीना चाहिए। जल पीने के अनुपात में यूरिन डिस्चार्ज होना चाहिए। गुर्दा रोग में डायलिसिस की नौबत आने पर मरीज लाइलाज हो जाता है। डायलिसिस का खर्च सामान्य आर्थिक स्थिति के रोगी के लिए असंभव हो जाता है और मृत्यु होने तक कर्ज लेकर इलाज कराना पड़ता है। सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों के लिए डायलिसिस की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराने से राहत हो सकती है।

# हत्या मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



पुलिस ने टांडा के जंगल में मिले शव की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने यह जानकारी प्रेस वार्ता में दी।

मामले की जानकारी देते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि बीती 11 जून को टांडा के जंगल में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रचार-प्रसार और पूछताछ के बाद शव की शिनाख्त करन चौहान ने अपने पिता भोगेन्द्र सिंह चौहान निवासी ग्राम साहपुर गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ हाल निवासी कृष्णा ग्रीन्स कॉलोनी रुद्रपुर) के रूप में की। शव के सिर पर गहरी चोट के निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका प्रबल हुई। करन चौहान द्वारा 13 जून को कोतवाली हल्द्वानी में दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया।

लगातार प्रयासों के बाद 16 जून को पुलिस ने जुतियालखत्ता टांडा जंगल क्षेत्र में नादिया धाम मंदिर के पास से हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मुख्य आरोपी बालम सिंह बिष्ट ने बताया कि मृतक भोगेन्द्र सिंह से उसका पैसों का लेनदेन था। पैसे वापस न करने के उद्देश्य से उसने अपने साथियों हरीश सिंह नेगी और उमेश सिंह बोरा उर्फ अनिया को धन का लालच देकर हत्या की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा और अन्य साक्ष्य भी बरामद कर लिए हैं। पकड़े गए आरोपियों में बालम सिंह बिष्ट, पुत्र आनंद सिंह बिष्ट, निवासी वार्ड नं. 37, बिठौरिया नं. 2 हरिपुर सील थाना मुखानी, हरीश सिंह नेगी पुत्र राम सिंह निवासी सालम कॉलोनी पनियाली थाना मुखानी और उमेश सिंह बोरा उर्फ अनिया पुत्र बहादुर सिंह बोरा निवासी बजूनिया हल्दू, कठघरिया थाना मुखानी शामिल हैं। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव, एसएसआई महेंद्र प्रसाद, चौकी टीपी नगर मनोज कुमार, हे. कां. इसरार नबी, दिगंबर सनवाल, कां. धीरेन्द्र सिंह अधिकारी, दिनेश नगरकोटी, अनिल टम्टा, अनिल गिरी, प्रदीप सिंह शामिल रहे।

## बैठकः सहकारिता से लेकर बदरीनाथ मास्टर प्लान तक कई महत्वपूर्ण फैसले

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सहकारिता, पशुपालन, डेयरी और पर्यटन से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक के निर्णयों की जानकारी सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने प्रेस वार्ता में दी। बताया कि कैबिनेट ने सहकारिता विभाग में ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक ऑडिट कराने के निर्णय पर मुहर लगाई। इस कार्य के लिए उप निबंधक (ऑडिट) लेवल-11 का पद सृजित किया गया है, जो पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति से भरा जाएगा। बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान के तहत सौंदर्यीकरण कार्यों को भी हरी झंडी दी गई। इसके अंतर्गत दीवारों पर कलात्मक चित्रण (आर्टवर्क) किया जाएगा, जिसमें आईएसबीटी की दीवारें भी शामिल होंगी।

# पूर्व बैंक मैनेजर पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

### एसपी सिटी ने भी आरोपी से पूछताछ की

**रुद्रपुर।** कमरा दिखाने बहाने किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में फंसे पूर्व बैंक मैनेजर राकेश कुमार से पूछताछ को एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी पहुंचे। उन्होंने आरोपी और वीडियो बनाने वाली महिला से पूछताछ की।

कोतवाली क्षेत्र निवासी पूर्व बैंक मैनेजर पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्जकिया है। पुलिस ने पूर्व बैंक मैनेजर के साथ ही छेड़छाड़ का वीडियो बनाने वाली महिला को भी नामजद किया है। नामजद महिला ही किशोरी को कमरा दिखाने ले गई थी। बताया जा रहा है 16 जून की शाम भदईपुरा निवासी एक महिला ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक किशोरी को आदर्श कालोनी निवासी पूर्व बैंक मैनेजर राकेश कुमार के पास कमरा दिखाने ले गई थी। बताया जा रहा है कि पूर्व बैंक मैनेजर दोनों को मलिक कालोनी में स्थित अपने आवास पर कमरा दिखाने ले गया। आरोप है कि वहां पर पूर्व बैंक मैनेजर ने किशोरी से छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी के साथ गई महिला ने विरोध करने के बजाय घटना की वीडियो बना ली। पीड़िता ने अपने घर पहुंच अपने मामा को घटना से अवगत कराया। बाद में पीड़िता को मामा ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने पीड़िता के मामा की तहरीर पर पूर्व बैंक मैनेजर पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही पुलिस ने उक्त महिला पर भी छेड़छाड़ का विरोध करने के बजाय वीडियो बनाने पर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों की मानें तो महिला ने ब्लैकमेलिंग इरादे से वीडियो बनाई है। लेकिन महिला अपने मंसूबों पर कामयाब नही हो पाई। इधर इस मामले में जानकारी के लिए कोतवाल मनोज रतूड़ी से उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं दूसरी ओर आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि इस मामले में उच्चाधिकारी बताएंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर की बाजार में ज्वैलर्स की दुकान है और कुछ समय पूर्व एक मामले में विजिलेंस टीम ने दुकान में छापा मारा था। उस समय पूर्व बैंक मैनेजर सुर्खियों में रहे थे।

## फिल्मी दुनिया

# पिता की अंतिम यात्रा में फूट-फूटकर रोईं मनारा



*चोपड़ा परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुंबई में मनारा चोपड़ा के पिता और प्रियंका चोपड़ा के फूफा जी का अंतिम संस्कार किया गया। बिग बॉस 17% फेम मनारा चोपड़ा के पिता का 16 जून को निधन हो गया, जिसके बाद उनके परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है। मनारा और उनकी छोटी बहन मिताली के सिर से पिता का साया उठ गया है। मनारा चोपड़ा के पिता का मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान मनारा की मां कामिनी हांडा काफी दुखी नजर आईं। मनारा और उनकी बहन मिताली के आंसू भी थमने का नाम नहीं ले रहे। पिता को अंतिम विदाई देते हुए मनारा काफी भावुक नजर आईं। पैपराजी पेज ताहिर जासूस के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर वीडियोज को शेयर किया गया है।*

### मनारा के पिता की अंतिम यात्रा

*इससे पहले मनारा चोपड़ा के पिता की अंतिम यात्रा भी निकाली गई। उनके शव को मुंबई के ओशिवारा श्मशान घाट ले जाया गया। इस दौरान मनारा के साथ प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ चोपड़ा, परिणीति चोपड़ा के पिता पवन चोपड़ा भी नजर आए। कहा जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा अपने काम की वजह से अपने फूफा जी के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सकीं।*

# श्रीमद्भागवत कथा हर मर्ज की दवा हैः गिरीशानंद शास्त्री

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर दक्ष प्रजापति की कथा सुनाई, कथा वाचक गिरीशानंद शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा हर मर्ज की दवा है,लेकिन कलयुग में मानव को विश्वास नहीं होता, जबकि कलयुग का एक महत्वपूर्ण लाभदायक गुन है कि केवल हरिनाम संकीर्तन से ही भगवान प्रसन्न हो जाते है,जबकि सतयुग, त्रेता द्वापरयुग में सालों साल तपस्या, यज्ञ आदि करने पर भगवान प्रसन्न होते थे।आज जजमान के रूप में श्रीमान राजेन्द्र प्रसाद पांडे जी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विमला पांडे जी ,कमल पांडे, पूजा पांडे,धीरज पांडे,शीतल पांडे द्वारा पूजन किया गया, पूजन कार्य आचार्य हेम सत्यबली,मयंक उपाध्याय, धीरज सहित आचार्यजनों द्वारा संपन्न कराया गया।कथा में, जानकी जोशी, लता पांडे, दीपा मेहरा, तारा धपोला, हेमा पांडे, , प्रभा तौलिया, बी सी जोशी, राजेन्द्र प्रसाद पांडे, कैलाश चंद्र पांडे, योगेश चंद्र जोशी सहित भक्तगण उपस्थित रहे। ,हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा भगवानपुर की समस्त भगवतप्रेमी जनता से इस इस आयोजन को सफल बनाने हेतु निवेदन किया,ट्रस्ट की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष ममता रूवाली, कोषाध्यक्ष हेम पंत, मीडिया प्रभारी हर्ष वर्द्धन पांडे,प्रमुख सलाहकार प्रकाश जोशी, पारस रूवाली, तन्मय गुणवंत, भरत गुणवत, गिरिराज, पुनीत चौहान सहित ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे।

# समरसता दिवस के रूप में मनाया गया कोश्यारी का जन्मदिन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी का जन्मदिन दमुवाढूंगा अम्बेडकर पार्क में उनके समर्थकों द्वारा समरसता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगोलीहाट के पूर्व विधायक जोगा राम टम्टा ने की । इस अवसर पर अनुसूचित वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं और विभिन्न सेवाओं से सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद कोश्यारी ने दमुवाढूंगा के स्थानीय निवासियों के साथ सहभोज में हिस्सा लिया, जिसने सामाजिक एकता और समरसता का संदेश दिया।




कार्यक्रम में भगत सिंह कोश्यारी ने अपने संबोधन में कहा, समरसता हमारी संस्कृति का मूल आधार है। यह मेरा सौभाग्य है कि मेरे जन्मदिन को समरसता दिवस के रूप में मनाकर समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाया गया। शिक्षा और सेवा समाज के विकास की नींव हैं, और आज इन मेधावी बच्चों व सम्मानित सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित करना मेरे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने आगे कहा, सहभोज का यह आयोजन हमें एक-दूसरे के करीब लाता है और सामाजिक समानता को बढ़ावा देता है। आंबेडकर पार्क में आयोजित इस समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड और रामायण की प्रतियां भेंट की गईं। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मौजूद हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने इस अवसर पर कहा, हमारी ताकत हमारी एकता में है। इस तरह के आयोजन समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। यह आयोजन न केवल उनके अभिभावक भगत सिंह कोश्यारी के जन्मदिन का उत्सव था, बल्कि सामाजिक समरसता और शिक्षा को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुआ है । स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में भगत सिंह कोश्यारी को उनके जन्मदिन की बधाई देने के लिए दिन भर लोगों का तांता लगा रहा ।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर हल्द्वानी गजराज बिष्ट, विधायक सरिता आर्या, प्रकाश रावत, चन्दन बिष्ट, दिनेश आर्या, शंकर कोरंगा, नीरज बिष्ट, आनंद दर्मवाल, मुकेश बोरा, प्रमोद तौलिया, विनोद मेहरा, महेश जोशी, विजय कुमार पप्पू, विद्या देवी, ह्रदेश कुमार, अरुण कुमार, मनोज रावत, पन राम, मधुकर श्रोतीय, पानसिंह मेवाड़ी, मुन्नी बिष्ट, भावना रावत, अजय रजौर, कुमुद साह, राजेंद्र कुमार मुन्ना , समेत भारी संख्या में जनता मौजूद रही ।

## News कॉर्नर

### हजारों रुपए की स्मैक समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को हजारों रुपए की स्मैक सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। मेडिकल चौकी पुलिस पुलिस बीती रात सुशीला तिवारी अस्पताल के तिराहे पर गश्त कर रही थी गश्त करते हुए जब पुलिस एफ टी आई तिराहे पर पहुंची तो एक युवक नशे में झूमता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस ने उसे घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया और उसकी तलाशी लिए जिसके पास से तलाशी के दौरान 4.83 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके अलावा उसके पास से ?220 की नदी भी बरामद हुई पुछ ताज में तस्कर ने अपना नाम मोहम्मद फिरोज उर्फ पाइप पुत्र अबरार निवासी गफूर बस्ती बस्ती वार्ड नंबर 24 बताया। तस्कर में पुलिस को यह भी बताया कि वह शिक्षा के लालपुर से स्मैक पाजी नामक व्यक्ति से सस्ते दामों में खरीद कर लाया है। और यहां पीने के साथ-साथ महंगे दामों में बेचता है उसने बताया कि स्मैक की तस्करी लंबे समय से कर रहा है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

### भालू की सक्रियता पता लगाने को लगाए ट्रैप कैमरे

**अल्मोड़ा।** सल्ट के जाख गांव में बीते सोमवार को भालू ने हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। तीनों घायलों को उपचार के लिए रामनगर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल पुष्पा देवी को दिल्ली स्थित एम्स, तारी राम को हल्द्वानी रेफर किया गया। जबकि मोहनी देवी का रामनगर में ही उपचार चल रहा है। मंगलवार को वन विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र में गस्त कर भालू की सक्रियता पता लगाने के लिए ट्रेप कैमरे स्थापित किए। डीएफओ दीपक सिंह ने कहा कि चिकित्सकों की निगरानी में घायलों का उपचार चल रहा हैं। तीनों घायल अभी खतरे से बाहर हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायत समान्य निर्वाचन की तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत समान्य निर्वाचन 2025 की तैयारियों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन शीघ्र होने है। इसलिए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी सभी तैयारिया शीघ्र पूर्ण कर ले।

उन्होंने कहा कि आरओ व एआरओ की तैनाती शीघ्र कर ले तथा स्ट्रॉग रूम, मतगणना स्थल चिन्हित करते हुए आयोग को शीघ्र भेजे। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदेय स्थलों में सभी व्यवस्थाए सुनिश्चित कर ली जाये तथा संवेदनशील मतदेय स्थल चिन्हित कर ले तथा सुरक्षा के दृष्टिगत प्लान भी तैयार कर ले। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों का रूट चार्ट तैयार कर ले तथा पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। निर्वाचन कार्मिको का डाटा फिडिंग कर लिया जाये तथा




नोडल अधिकारी तैनात कर लिये जाये। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक कराने हेतु कार्मिकों की डाटा फिडिंग कार्य किया जा रहा है तथा नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन समाग्री, टेंट, वैरिकेटिंग आदि के टेंडर कर लिये गये है। उन्होने वर्षाकाल को देखते हुए मतपेटियों को कवर करने हेतु वॉटरप्रूफ वैग के साथ ही वॉटर प्रूफ टैंट की व्यवस्था का सुझाव दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीएम अशोक कुमार जोशी, ओसी गौरव पाण्डेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानीय संजय कुमार मौजूद थे।

# पूर्व पार्षद स्व0 कोहली की जयंती पर रक्तदान शिविर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पूर्व पार्षद स्वर्गीय नरेन्द्र जीत सिंह कोहली रोडू की जयंती पर रक्ष्हदान शिविर का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में किया गया।

जिसमें दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर नरेन्द्र जीत सिंह कोहली द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। रोडू भाई ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा में लगा दिया था। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहाँ कि रक्तदान महादान है और इस रचनात्मक कार्य से हम किसी को नया जीवन देते है। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, बलवीर सिंह, रुपप्रीत सिंह, जसकरण सिंह, अमनदीप सिंह, दीपक जोशी, परविंदर सिंह, सिमरन गुजराल, तरनप्रीत सिंह , अंगद चंडोक, अवनीत रेखी आदि मौजूद थे। रक्तदान शिविर के आयोजक गगनदीप सिंह कोहली ने सभी का आभार प्रकट किया।



# युवक की अज्ञात कारणों से दौड़ने के दौरान मौत, डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

19 वर्षीय युवक की अज्ञात कारणों से दौड़ने के दौरान मौत हो गई। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बीडी पांडे अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक भूपेंद्र अपने दोस्तों के साथ रोज की भांति घर से दौड़ने के लिए गया हुआ था और दौड़ते दौड़ते वह अचानक भवाली रोड कैलाखान के समीप गिरकर बेहोश हो गया। जिसके बाद उसके अन्य साथी उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखा गया है पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

इस दौरान अस्पताल के इमरजेंसी में मौजूद डॉ. आरूषि गुप्ता ने बताया कि 19 वर्षीय भूपेंद्र को उसके दोस्त अस्पताल लेकर आए थे जो कि पहले से ही मृत अवस्था में था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारणों की पुष्टि की जा सकती है।

बता दें की युवक के पिता नंदन सिंह देवली वन विभाग में कार्यरत है। युवक हल्द्वानी के पाल कॉलेज का विद्यार्थी था। परिवार में जैसे ही युवक की मौत की खबर मिली घर में हड़कंप मच गया परिवार व आसपास के लोग बीडी पांडे अस्पताल पहुंच गए। इस दुख की घड़ी मे वन विभाग के डीएफओ चंद्र शेखर जोशी सहित विभाग के अन्य लोगों ने दुःख व्यक्त करते हुए युवक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### सातताल एस्टेट में पक्षी का शिकार करते गिरफ्तार किया

**नैनीताल।** वन प्रभाग अंतर्गत भवाली रेंज के सातताल एस्टेट में गरुड़ताल के समीप पर्यटक अमित सेमुअल पुत्र मौरिस गिड़िया सैमुअल निवासी नैनी इलाहाबाद उत्तरप्रदेश को संरक्षित प्रजाति के पक्षी का शिकार करते हुए वन क्षेत्राधिकारी भवाली एवं टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल ममता चंद ने बताया की अपराधी को गिरफ्तार कर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही गतिमान है ।

# वन प्रभाग जंगल को आग से बचाने में सफल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अबकी फायर सीजन में बेहतर तैयारियों, फायर वॉचरों तथा वनाग्नि सुरक्षा समितियों के माध्यम से वन प्रभाग जंगल को आग से बचाने में सफल रहा। बारिश भी विभाग के लिए वरदान साबित हुई। वन विभाग के अनुसार इस वर्ष फायर सीजन में नैनीताल वन प्रभाग में 33 आग लगने की छोटी बड़ी घटनाएं हुई जिसमें 26 हैकटेयर जंगल को नुकसान हुआ। यह आंकड़ा अन्य वर्ष की आग की अपेक्षा ना के बराबर है। बता दें कि हर वर्ष फ यर सीजन में जंगलों में कई हेकटेयर जंगल जलकर राख हो जाते हैं जिसके चलते वन संपदा को भारी नुकसान होता है। इस वर्ष फ यर सीजन को लेकर वन विभाग ने शुरुआत से ही तैयारियां की। विभाग की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाएए ग्राम स्तर पर वनाग्नि सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया। साथ ही फायर वाचरों व विभागीय कर्मचारियों के साथ जंगलो की आग बुझाने के लिए कई मॉकड्रिल की गईं। इस वर्ष फायर सीजन में जंगलों में आग लगने की घटनाएं ना के बराबर रहीं। नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि इस वर्ष बेहतर रणनीति व बारिश के चलते जंगलों को आग से बचाने में विभाग सफल रहा। बताया कि इस वर्ष नैनीताल वन प्रभाग की रिजर्व वन क्षेत्र व वन पंचायतों में आग की 33 घटनाएं हुई जिसमे 26 हेकटेयर जंगल को नुकसान हुआ। जबकि बीते वर्ष 1600 आग लगने की घटनाएं हुई थी जिसमें 201.4 हेकटेयर जंगल जलकर राख हो गया था।

### जंगल सफारी के लिए अब ऑनलाइन बुकिंग होगी

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के मोहान ईको टूरिज्म जोन में अब पर्यटक जंगल सफारी के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे।

पर्यटकों में सफारी के बढ़ते रोमांच को देखते हुए उन्हें लुभाने के लिए वन विभाग ने यह पहल की है। पहले से ही सीट बुक होने से पर्यटकों की सफारी में बैठकर बाघ, हाथी, भालू, तेंदुए आदि वन्यजीवों के नजदीक से दीदार करने की हसरत हवालबाग ब्लॉक के मटेला गांव में इन दिनों प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों के बीच एक खास उत्सुकता का माहौल है। गांव में दुर्लभ दिखाई देने वाला जीव मुखौटामुखी ताड़ कस्तूरी बिलाव देखा गया है, जो आमतौर पर हिमालयी क्षेत्र के जंगलों में कम पाया जाता है।

# सीलिंग की भूमि पर धड़ल्ले से बन रहे मकान, प्रशासन ने निरीक्षण किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ऊधमसिंहनगर जिले में नजूल भूमि के बाद प्रशासन की नजर अब सीलिंग की भूमि पर है। सोमवार को जिले के एडीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहाड़गंज में कल्याणी नदी के किनारे नजूल की भूमि पर बसे लोगों का निरीक्षण करते हुए उन्हें नोटिस देते हुए हटाने के निर्देश दिए।

वहीं एडीएम पंकज उपाध्याय ने फाजलपुर महरौला, प्रीतविहार में पहुंचकर सीलिंग की भूमि पर बसे लोगों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एडीएम ने कहा कि जो भी सीलिंग की भूमि पर नए मकान बन रहे हैं उनको किसी भी हाल में बनने नहीं दिया जाएगा। बिना नक्शा पास किसी भी तरह से क्षेत्र में मकान के निर्माण काम को नहीं होने दिया जाएगा। खासकर सरकारी भूमि पर तो बिल्कुल भी कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सरकारी भूमि को चिन्हित कर कब्जे में लेने के लिए निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों को सरकारी भूमि पर दिए गए बिजली कनेक्शन की जांच करने के लिए कहा है। एडीएम ने कहा कि सरकारी भूमि पर कब्जा न हो इसलिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अवैध कब्जा करने वालों पर प्रशासन शिकंजा करने की कार्वाई कर रहा है।



**निर्देश**

- पहाड़गंज में कल्याणी नदी किनारे लोगों नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए
- फाजलपुर महरौला, प्रीतविहार में पहुंचकर सीलिंग की भूमि पर बसे लोगों को चिन्हित करने के भी निर्देश दिए